दिसंबर अंत तक शुरू होगा श्रीराम एयरपोर्ट :

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को बताया कि अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट इस महीने के अंत तक शुरू हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि बुलेट ट्रेन के एक हिस्से पर तीन साल के भीतर संचालन शुरू हो जाएगा। सिंधिया ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ हाल में ही अयोध्या एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी उड़ान संचालन के साथ हवाईअड्डे का उद्घाटन करेंगे। संवाद

17 को काशी–अयोध्या वंदे भारत को हरी झंडी दिखा सकते हैं पीएम

वाराणसी। काशी से श्रीराम की नगरी अयोध्या सेमी हाईस्पीड वंदे भारत से जुड़ जाएगी। ट्रेन का रैक भी चेन्नई स्थित आईसीएफ फैक्ट्री में बनकर तैयार है। इस वंदे भारत ट्रेन के अंदर अयोध्या के ऐतिहासिक धरोहरों और श्रीराम के चित्र भी होंगे। दो दिवसीय दौरे पर 17 दिसंबर को काशी आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल इस संबंध में अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। ब्यूरो

प्राचीन मथुराधीश मंदिर से जाएगा इत्र व पोशाक

आगरा। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रस्तावित है। आगरा में आंबेडकर पुल के पास यमुना किनारे स्थित प्राचीन मथुराधीश मंदिर भी इस भव्य कार्यक्रम का साक्षी बनेगा। मंदिर की ओर से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को कन्नौज का इत्र व वृंदावन से मंगाई नक्काशी पोशाक भेंट की जाएगी। ब्यूरो